

# जननिक सिनर ने चीन ओपन खिताब जीता, करियर का 21वां टाइटल

- इटली के स्टार ने 21वां एटीपी खिताब जीतकर रैंकिंग पर नजरें जमाईं
- सिनर ने फाइनल में 6-2, 6-2 से अमेरिकी किशोर टीएन को हराया.
- यह जीत उनके करियर का 21वां एटीपी खिताब साबित हुई.
- बीजिंग में दूसरी बार ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे पुरुष खिलाड़ी बने.
- 1 घंटे 12 मिनट में 10 ऐस के साथ फाइनल एकतरफा रहा.

**बीजिंग, 1 अक्टूबर. इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जननिक सिनर ने बुधवार को चीन ओपन फाइनल में अमेरिकी किशोर लर्नर टीएन को 6-2, 6-2 से हराकर अपने करियर का 21वां एटीपी खिताब जीत लिया.**

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने बीजिंग के हार्ड कोर्ट पर दूसरी बार ट्रॉफी उठाई. इससे पहले उन्होंने 2023 में अपने टूर्नामेंट डेब्यू पर दानिल मेदवेदेव को फाइनल में हराया था.

24 वर्षीय सिनर नोवाक जोकोविच (छह खिताब) और राफेल नडाल (दो खिताब) के बाद चीन ओपन में कई खिताब जीतने वाले तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं. बीजिंग के सेंटर डायमंड कोर्ट पर उनकी एकमात्र हार पिछले साल कार्लोस अल्कराज के खिलाफ फाइनल में हुई थी.



### सीज़न का तीसरा बड़ा खिताब

बीजिंग में सिनर की यह जीत इस सीज़न का उनका तीसरा बड़ा खिताब है. इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन और विंबलडन में भी जीत दर्ज की थी. अल्कराज के शंघाई मास्टर्स से चोट के कारण बाहर होने के बाद, सिनर के पास सीज़न समाप्त होने से पहले दुनिया के शीर्ष रैंकिंग को छीनने का मौका है. सिनर शंघाई मास्टर्स में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी होंगे.

### एकतरफा फाइनल

सिनर ने 19 वर्षीय टीएन को शुरू से ही दबाव में रखा. उन्होंने पहले सेट में तुरंत ब्रेक हासिल किया. अपने पहले एटीपी फाइनल में खेल रहे विश्व नंबर 52 टीएन को दूसरे सेट के दूसरे गेम में ब्रेक का दुर्लभ मौका मिला, लेकिन सिनर ने तुरंत नियंत्रण वापस ले लिया. सिनर ने 1 घंटे 12 मिनट तक चले इस एकतरफा फाइनल को 10 ऐस के साथ समाप्त किया.

अगर टीएन यह खिताब जीतते तो वह बीजिंग के इतिहास में सबसे कम रैंकिंग वाले चैंपियन होते.



# 19 पदकों के साथ जूनियर विश्व कप का समापन

## कुल आठ देशों ने जीते पदक, भारत का दबदबा कायम

**नई दिल्ली, 1 अक्टूबर. भारत ने नई दिल्ली में संपन्न हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप राइफल /पिस्टल/शॉटगन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया.**

भारत ने ओलंपिक स्पर्धाओं में 6 स्वर्ण, 8 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 19 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया.इसके अलावा, भारत ने गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं जैसे 50 मीटर राइफल प्रोन और 25 मीटर पिस्टल पुरुष व्यक्तिगत में भी दो स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जोड़े, जिससे पदक की कुल संख्या 26 हो गई. इस सप्ताह कुल आठ देशों ने पदक जीते, जिनमें से भारत, एआईएन (व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट), इटली, क्रोएशिया और चेकिया ने स्वर्ण पदक हासिल किए.पदक तालिका में भारत के बाद एआईएन 10 पदक (4 स्वर्ण) के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि इटली पांच पदक (2 स्वर्ण) के साथ तीसरे स्थान पर रहा.

> प्रतियोगिता के अंतिम दिन, भारत की तेजस्वनी सिंह ने जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता. इस स्पर्धा का स्वर्ण एआईएन की अलेक्जेंड्रा तिखोनोवा ने जीता.वहीं, गैर-ओलंपिक 25 मीटर पिस्टल पुरुष जूनियर व्यक्तिगत स्पर्धा में जूनियर विश्व चैंपियन मुकेश नेल्लावल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया.

# शतरंज ग्रैंड चेस टूर : सेमीफाइनल में प्रज्ञानंद की चुनौती समाप्त

**साओ पाउलो (ब्राजील),1 अक्टूबर. भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद का ग्रैंड चेस टूर फाइनल 2025 में सफ़र सेमीफाइनल में समाप्त हो गया. बुधवार को खेले गए कड़े मुकाबले में उन्हें फ्रांस के ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के हाथों 11-17 से हार का सामना करना पड़ा.**



क्लासिकल गेम टाई रहने के बाद, खिलाड़ियों ने दो रैपिड और चार ब्लिट्ज गेम खेले. वाचियर-लाग्रेव ने पहले रैपिड गेम में जीत दर्ज कर चार अंकों की बढ़त बना ली, जबकि दूसरा गेम ड्रॉ रहा.

ब्लिट्ज राउंड में प्रज्ञानंद दो बार स्कोर बराबर करने के करीब पहुंचे, लेकिन जीत की स्थिति में होने के बावजूद वह चूक गए.

अब फाइनल मुकाबले में वाचियर-लाग्रेव का सामना फैबियानो कारुआना से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में लेवोन आरोनियन को 15-13 से हराकर फाइनल में जगह बनाई है.

# पाकिस्तान से हाथ नहीं मिलाएगी हरमनप्रीत की टीम

### बीसीसीआई सूत्र ने किया पुष्टि

**टॉस, फोटोशूट और मैच समाप्ति पर नहीं होगी कोई परंपरा; द्विपक्षीय तनाव चरम पर**

**कोलंबो, 1 अक्टूबर. भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट संबंध अब तक के सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं, जिसका सीधा असर अब महिला क्रिकेट पर भी देखने को मिलेगा.**

दुबई में एशिया कप के दौरान भारतीय पुरुष टीम द्वारा स्थापित हाथ न मिलाने की मिसाल के अनुसार ही, हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम भी पांच अक्टूबर को कोलंबो में होने वाले महिला विश्व कप मुकाबले के दौरान पाकिस्तान की खिलाड़ियों से हाथ मिलाने की परंपरा नहीं अपनाएगी. बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि महिला टीम भी पुरुष टीम द्वारा अपनाई गई नीति का पालन करेगी. सूत्र ने कहा, बीसीसीआई सरकार के अनुसार काम करेगा और टॉस के समय हाथ मिलाने की कोई परंपरा नहीं होगी, मैच रेफरी के साथ कोई फोटोशूट नहीं होगा और खेल के अंत में भी कोई हाथ मिलाने की नीति नहीं होगी. तटस्थ अधिकारी कराएंगे टॉस. इस माहौल में कोलंबो में टॉस कौन कराएगा, इस पर भी सबकी नजरें टिकी होंगी. उम्मीद है कि यह प्रक्रिया किसी तटस्थ देश के पूर्व खिलाड़ी या विशेषज्ञ द्वारा पूरी की जाएगी ताकि किसी भी तरह की असहज स्थिति से बचा जा सके.



### पुरुष टीम से शुरू हुआ विवाद

यह नया तनाव एशिया कप फाइनल में पुरुष टीम की जीत के बाद शुरू हुआ, जब भारतीय टीम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रमुख मोहसिन नकवी से विजेता ट्रॉफी और पदक स्वीकार करने से इनकार कर दिया था. इस विवाद ने दोनों देशों के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और बढ़ा दिया, जो पहलगाम आतंकवादी हमले और सैन्य गतिरोध के बाद चरम पर हैं.

# भारत मुझसे एशिया कप ट्रॉफी ले सकता है : नकवी

**दुबई, 1 अक्टूबर. एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने एशिया कप 2024 की ट्रॉफी विवाद को लेकर कड़ा रुख अपनाया है. उन्होंने ज़ोर देकर कहा है कि भारतीय टीम को ट्रॉफी तभी मिलेगी जब वह सीधे उनसे ट्रॉफी स्वीकार करेगी.**

नकवी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एसीसी अध्यक्ष होने के नाते, मैं उसी दिन ट्रॉफी सौंपने के लिए तैयार था और अब भी तैयार हूँ. अगर वे सचमुच इसे चाहते हैं, तो वे एसीसी कार्यालय आकर मुझसे इसे ले सकते हैं.

नकवी की यह टिप्पणी दुबई में हुई एसीसी बैठक के बाद आई है, जिसमें बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष शेलार ने किया था. इस बैठक में भी सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को ट्रॉफी और विजेता पदक सौंपने पर कोई निर्णय नहीं हो पाया. यह गतिरोध एशिया कप फ़ाइनल में भारत की जीत के बाद एक तनावपूर्ण क्षण से उपजा था.





# एम्बाप्पे की हैट्रिक से 5-0 से जीता

**चैंपियंस लीग** रियल मैड्रिड की शानदार वापसी

**अलमाटी, 1 अक्टूबर. शनिवार को ला लीगा में चिर प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको मैड्रिड के हाथों मिली 5-2 की अपमानजनक हार से उबरते हुए रियल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग में शानदार वापसी की है. टीम ने मंगलवार को चैंपियनशिप में पहली बार उतरे कैरात अलमाटी को 5-े से करारी शिकस्त दी.**


इस जीत के नायक रहे फ्रांसीसी सुपरस्टार किलियन एम्बाप्पे, जिन्होंने अकेले ही हैट्रिक जमाई और इस सीजन चैंपियंस लीग में अपने गोलों की संख्या पाँच कर ली.

मैच के बाद एम्बाप्पे ने कहा, हमें शनिवार को जो हुआ, उसे कभी नहीं भूलना चाहिए. हां, यह एक अलग प्रतियोगिता है, लेकिन हमें अपनी गलतियों से सीखने के लिए उस हार के बारे में सोचते रहना होगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ऐसा दोबारा न हो.अपने प्रदर्शन पर, उन्होंने कहा, मेरा काम टीम की मदद करना है, और मैं केवल टीम को मैच और ट्रॉफी जीतने में मदद करने के बारे में सोचता हूँ. मुझ जैसा खिलाड़ी, जिसे पाँच मौके मिलते हैं, वह चाहता है और उसे पाँचों गोल करने होते हैं.

### एक नजर में

#### हम चाहते हैं ऐसी पिचें, जो बल्लेबाज़-गेंदबाज़ दोनों को कुछ दें

**अहमदाबाद.** न्यूजीलैंड के हाथों पिछली घरेलू टेस्ट सीरीज में 3-0 से मिली करारी हार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज के ख़िलाफ़ आगामी सीरीज में हार्ड और धैर्य वाला क्रिकेट खेलने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है. अहमदाबाद टेस्ट से एक दिन पहले पत्रकारों से बात करते हुए गिल ने कहा, पिछले कुछ सालों में हमारे टेस्ट मैच पांच दिन तक नहीं चले हैं. हमारा लक्ष्य हार्ड क्रिकेट खेलना है, क्योंकि इंग्लैंड में हमने जो टेस्ट खेले, वे सभी पांचवें दिन तक गए थे. हम अच्छा और धैर्य वाला क्रिकेट खेलेंगे और आसान विकल्प नहीं तलाशेंगे. गिल ने कहा कि भारतीय टीम में किसी भी स्थिति में दबदबा बनाने की और वापसी करने की क़ाबिलियत है .पिछले कुछ समय से भारत में टेस्ट के लिए टर्निंग पिचें बनाने की आलोचना पर गिल ने स्पष्ट विचार रखा. उन्होंने कहा, मैं उन चर्चाओं पर टिप्पणी नहीं कर सकता जो मेरे आने से पहले हुई. लेकिन हम ऐसी विकेटों पर खेलना चाहेंगे जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को कुछ दें .卐उन्होंने माना कि भारत आने वाली टीमों के लिए स्पिन और रिवर्स स्विंग हमेशा से असली चुनौती रही है.



### रोजर को इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फ़ेम में नामांकित

नई दिल्ली, 01 अक्टूबर. टेनिस जगत के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक रोजर फेडरर को इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम की क्लास ऑफ 2026 के लिए नामांकित किया गया है. उनके नामकरण की घोषणा बुधवार को की गई.फेडरर के साथ दो बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन स्वेतलाना कुज़्नेत्सोवा और 2009 यूएस ओपन विजेता जुआन मार्टिन डेल पोट्रो भी हॉल ऑफ फेम की खिलाड़ी श्रेणी में शामिल हैं. योगदानकर्ता श्रेणी में टीवी उद्घोषक मैरी कैरिलो और प्रशासक मार्शल हैपर को नामांकित किया गया है.

# मार्श की तूफानी पारी से ऑस्ट्रेलिया जीता

- कप्तान मिचेल मार्श ने 43 गेंद में जड़े 85 रन
- रॉबिन्सन का शतक गया बेकार

**बे ओवल (न्यूजीलैंड), 1 अक्टूबर. कप्तान मिचेल मार्श (85रन) के आक्रामक अर्धशतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को चैपल-हैडली ट्रॉफी के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से करारी शिकस्त दी. इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है.** न्यूजीलैंड द्वारा दिए गए 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, मार्श ने बे ओवल में केवल 43 गेंद में नौ चौके और पांच छक्के लगाते हुए 85 रन की तूफानी पारी खेली. उनकी इस पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 21 गेंद शेष रहते चार विकेट पर 185 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया. मार्कस स्टोइनिस ने विजयी चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई. मार्श ने ओपनर ट्रेविस हेड (31 रन) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 5.3 ओवर में 67 रन की तेज शुरुआत दी. इसके बाद उन्होंने मैथ्यू शॉर्ट (29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की.



> इससे पहले, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम की शुरुआत खराब रही और दो ओवर में छह रन पर ही उसके तीन विकेट गिर गए थे. इसके बाद टिम रॉबिन्सन ने अकेले संघर्ष करते हुए 65 गेंद में नाबाद 106 रन बनाए, जो उनका पहला टी20 शतक है. रॉबिन्सन और डेरिल मिचेल (34 रन) ने चौथे विकेट के लिए 92 रन जोड़े.

# मीराबाई चानू 48 किग्रा वर्ग में उतरेंगी, पदक की एकमात्र उम्मीद

नई दिल्ली. भारत की पूर्व विश्व चैंपियन भारोत्तोलक मीराबाई चानू बृहस्पतिवार से शुरू हो रही विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में नए 48 किग्रा वर्ग में खुद को परखेंगी. 12 सदस्यीय भारतीय टीम में 2017 की विश्व चैंपियन और 2022 की रजत पदक विजेता मीराबाई देश की एकमात्र प्रमुख पदक दावेदार हैं.31 वर्षीय मीराबाई ने लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों के लिए नए भार वर्ग के चक्र में 49 किग्रा से 48 किग्रा वर्ग में जाने का विकल्प चुना है. चोट से वापसी और लक्ष्य- टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चोट के कारण एक साल के रिहैबिलिटेशन के बाद अगस्त में लौटी थीं. उन्होंने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में 193 किग्रा का वजन उठाया था.मुख्य कोच विजय शर्मा ने बताया कि यह टूर्नामेंट टीम को यह समझने में मदद करेगा कि मीरा में क्या कमी है और किन चीज़ों पर काम करने की ज़रूरत है. उन्होंने कहा, 48 किग्रा वर्ग में कई नए भारोत्तोलक हैं, इसलिए हम अपने लक्ष्यों को निर्धारित करने के लिए प्रतिस्पर्धा पर नज़र रखेंगे. मीराबाई को एशियाई चैंपियन थाईलैंड की थान्याथोन सुकचारोएन और पिछली कांस्य पदक विजेता फिलीपींस की रोजगी रामोस से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है, जबकि उत्तर कोरिया की री सोंग गम स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार बनी हुई हैं.अन्य भारतीय भारोत्तोलकों के लिए यह टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने और प्रतिद्वंद्वियों का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण होगा.

**भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे**
भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय का स्वायत्त संस्थान
डॉ. होमी भाभा मार्ग, पुणे ४११००८ । वेबसाइट : www.iiserpune.ac.in
IISER PUNE

**अनुसंधान कार्यक्रम के लिए प्रवेश – जनवरी 2026**

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे जनवरी 2026 सत्र के लिए पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

पात्रता और आवेदन प्रक्रिया का विवरण https://www.iiserpune.ac.in/education/admissions पर उपलब्ध है।

**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग विभाग ▪ खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्यों के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–142–2025, दिनांक 25.09.2025. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता कटनी अनुभाग के अंतर्गत हरदुआ डिपो में 65 mm की मशीन द्वारा क्रश की गई हार्ड और टिकाऊ ट्रेक स्टोन बैलास्ट की आपूर्ति, स्टैकिंग और लोडिंग रेलवे के ट्रेक बैलास्ट के विनिर्देश IS RDSO-GE/0001-2023 के अनुसार, जिसमें सभी लीड, लिफ्ट, कर, रॉयल्टी, शुल्क आदि शामिल है। अनुमानित मात्रा - 1,00,000 घन मीटर। कार्य का अनुमानित मूल्यः ₹ 13,01,32,000/-. बयाना राशिः ₹ 8,00,700/-. समापन अवधिः 27** माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–143–2025, दिनांक 25.09.2025. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता जबलपुर अनुभाग के अंतर्गत कछपुरा डिपो में 65 mm की मशीन द्वारा क्रश की गई हार्ड और टिकाऊ ट्रेक स्टोन बैलास्ट की आपूर्ति और लोडिंग रेलवे के ट्रेक बैलास्ट के विनिर्देश IS RDSO-GE/0001-2023 के अनुसार, जिसमें सभी लीड, लिफ्ट, कर, रॉयल्टी, शुल्क आदि शामिल है। अनुमानित मात्रा - 60,000 घन मीटर। कार्य का अनुमानित मूल्यः ₹ 5,84,29,800/-. बयाना राशिः ₹ 4,42,200/-. समापन अवधिः** 16 माह।

**उपरोक्त दोनों निविदाओं के लिए:- निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तकः** 24.10.2025. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय 15.15 बजेः** 24.10.2025. उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्यों के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**

**अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान**
(विश्वविद्यालय समतुल्य)
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संगठन, भारत सरकार
गोवंडी स्टेशन रोड, देवनार, मुंबई 400088, संपर्क विवरणः टेलीफोन : 91-22- 42372489/490
ईमेल : administration@iipsindia.ac.in; वेबसाइट : www.iipsindia.co.in

आईआईपीएस, मुंबई में सहायक वित्त अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन निम्न विवरणानुसार आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | पद का नाम/आरक्षण/नियुक्ति का प्रकार | पदों की संख्या | वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक वित्त अधिकारी (प्रतिनियुक्ति पर) – प्रारंभिक अवधि एक वर्ष, अधिकतम तीन वर्ष तक विस्तारणीय | 01 | पीबी–3 ₹15,600–39,100/– जीपी ₹5,400/– (छठे वेतन आयोग के अनुसार) वेतन स्तर–10 (सातवें वेतन आयोग के अनुसार) |

निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र सहित संबंधित प्रमाणपत्रों की प्रतियां निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर (अतिरिक्त प्रभार), अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, गोवंडी स्टेशन रोड, देवनार, मुंबई– 400 088 को **14 नवंबर 2025** से पहले प्राप्त होना अनिवार्य है। योग्यता, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु, आरक्षण, वेतनमान आदि सहित आवेदन पत्र के प्रारूप और अन्य संबंधित विवरणों के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट **www.iipsindia.ac.in/careers** का अवलोकन करें। आवेदन पत्र के साथ सभी सहायक दस्तावेजों को दो प्रतियों में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

वर्तमान में सरकारी/अर्ध–सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्रीय उपक्रम/विश्वविद्यालय/मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान में कार्यरत अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत करें अथवा अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर आवेदन के साथ संलग्न करें। संस्थान को विज्ञापित पद को भरने या न भरने का अधिकार पूर्णतया सुरक्षित है।

**निदेशक एवं वरिष्ठ प्राध्यापक (अतिरिक्त प्रभार)**
**आईआईपीएस, मुंबई।**

**छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड**
प्रधान कार्यालय : ऑफिस कॉम्पलेक्स, ब्लॉक -, सेक्टर-24, अटल नगर, रायपुर, (छ.ग.)
दूरभाष - 0771-2972124, 2972125, 2972126
E-mail:- vanvikasnigam@yahoo.com, cgrvvnl@gmail.com, website :- http://rvvn.cgstate.gov.in

**माह अक्टूबर-2025 में सर्व साधारण हेतु नीलाम सूचना**

| क्र. | परियोजना मंडल का नाम एवं मुख्यालय | काष्ठगारों का नाम | नीलाम तिथि एवं समय | अनुमानित काष्ठ की मात्रा – काष्ठ (घ.मी.) सागौन | साल | अन्य | बल्ली (नग) सागौन | साल | अन्य | जलाऊ चट्टे | औ.बांस (नो.टन.) | व्यापारिक बांस (नग) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बारनवापारा | कोडार | 07.10.2025 | 3035 | - | 409 | 41583 | - | 73678 | 1052 | - | - |
| | कोटा | कोटा | 10.10.2025 | 1750 | 230 | 355 | 46695 | 7890 | 13025 | - | - | - |
| | सरगुजा | | | - | 231 | 43 | 86 | 102 | 143 | 81 | - | - |
| | अंतागढ़ | कराठी | 15.10.2025 | 965 | - | 423 | 25172 | - | 14647 | 169 | 19 | - |
| | जगदलपुर | | | 145 | 69 | 4 | 2413 | 13 | - | 10 | - | - |
| | कवर्धा | बोड़ला | 21.10.2025 | 366 | 6 | 28 | 63188 | - | 3166 | 18 | - | 270 |
| | पानाबरस | मोहला | 28.10.2025 | 1800 | | 1200 | 85000 | - | 25000 | 130 | - | - |

टिप :1. ब्लूम का संबंधित प्रोजेक्ट मंडल कार्यालय/काष्ठागारो/वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।
2. उक्त कथन ब्लूम ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा।
3. क्रेटा अगर बेकार तो नीलाम से 03 दिन पूर्व लोट का निरीक्षण कर सकते हैं।

44411/4

**कार्यकारी अधिकारी**